## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मधेपुरा।

दिनांक– 12/6/24

पत्रांक– 1566

प्रेषक,

ई० विद्यानन्द प्रसाद,
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमडल मधेपुरा।

सेवा में,

श्री सुनील कुमार सुमन,
ग्राम– झरकाहा, शंकरपुर,
मधेपुरा, जिला– मधेपुरा।

विषय :– मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत रामपुरलाही जीतपुर से भाया बजरंगवली स्थान होते हुए मलाकार टोला पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण कराये जाने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि विषयांकित पथ का निरीक्षण अनुरक्षण एप्प के माध्यम से सहायक अभियंता द्वारा माह अप्रेल 24 में किया गया और उनके द्वारा "U" श्रेणी प्रदान किया गया। जिसकी सूचना आपको भी दी गई थी। पुनः मई माह में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि पथ में किसी प्रकार का सुधारात्मक कार्य नहीं कराया गया है। इससे यह स्पष्ट होता है कि आपको अनुरक्षण कार्य कराये जाने में कोई दिलचस्पी नहीं है।

अतः उपरोक्त परिपेक्ष्य में आपके द्वारा कराये गये कार्य की अंतिम मापी प्राप्त करने हेतु दिनांक 21.06.2024 को दिन के 02:00 बजे का समय निर्धारित किया जाता है एवं आपको निदेश दिया जाता है कि निर्धारित तिथि को कार्यस्थल पर ससमय आप अथवा आपके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति उपस्थित होवें। अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में कनीय अभियंता एवं सहायक अभियंता द्वारा अंतिम मापी ली जायेगी और आपके द्वारा कोई अन्य दावा मान्य नहीं होगा।

विश्वासभाजन

12/6/24

(ई० विद्यानन्द प्रसाद)
कार्यपालक अभियंता।

12/06/24

ज्ञापांक– 1566 दिनांक– 12/6/24

प्रतिलिपि– कनीय अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रशाखा शंकरपुर एवं सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अवर प्रमण्डल, शंकरपुर को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

12/6/24

(ई० विद्यानन्द प्रसाद)
कार्यपालक अभियंता।

12/06/24